गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

**एनडी/गेल/सेक्ट/2024** **दिनांक 31.07.2024**

| | |
|---|---|
| 1. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यु** | 2. लिस्टिन्ग अनुपालन<br>बीएसई लिमिटेड<br>पहला तल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

**विषय : गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 40वीं वार्षिक आम सभा (ए.जी.एम.) की तिथि की सूचना का समाचार पत्र प्रकाशन**

महोदय/महोदया,

यह सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में है ।

उक्त विषय के संदर्भ में अनुलग्नक संलग्न है ।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु प्रेषित है ।

**धन्यवाद,**
**भवदीय,**

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रधानमंत्री ने कहा-उद्योग जगत सुनहरे अवसर का लाभ उठाए

# दुनियाभर के निवेशकों की नजर भारत पर :मोदी

**भरोसा**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** मौजूदा समय में देश तेजी से तरक्की कर रहा है और दुनिया भारत की तरफ देख रही है। मंगलवार को भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा 'विकसित भारत की ओर यात्रा' विषय पर आयोजित सम्मेलन में उद्योग जगत को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं।

आज वैश्विक निवेशक भारत की तरफ देख रहे हैं। इसलिए घरेलू उद्योग जगत को आगे आकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हरित ऊर्जा, अंतरिक्ष उद्योग, परमाणु ऊर्जा जैसे तमाम क्षेत्रों में वैश्विक ताकत बनेगा। आर्थिक विकास की दिशा में सरकार के पास राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नहीं है। हम राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सभी निर्णय लेंगे। भारत आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि कर रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बजट में घोषित विभिन्न उपायों के जरिए उद्योग और रोजगार को बढ़ावा देने का काम किया गया है। खासतौर पर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम क्षेत्र को बढ़ावा देने से रोजगार के करोड़ों अवसर पैदा होंगे। उन्होंने आह्वान किया कि घरेलू उद्योग को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सरकार के साथ काम करना चाहिए। सरकार की मंशा और प्रतिबद्धता स्पष्ट है, इसलिए सरकार आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत बनाने की दिशा में काम कर रही है।



नई दिल्ली में मंगलवार को सम्मेलन को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। • प्रेट्र

### देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं जिस बिरादरी से आता हूं, उसकी पहचान बन गई है कि चुनाव से पहले जो बातें करते हैं, वो चुनाव के बाद भुला देते हैं, लेकिन मैं उस बिरादरी में अपवाद हूं। इसलिए, मैं याद दिलाता हूं कि मैंने कहा था कि तीसरे कार्यकाल में देश, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

### विश्व के आर्थिक विकास में भारत का 16 %योगदान

मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम सत्ता में आए थे तो आर्थिक व्यवस्था की स्थिति खराब थी। हमारे सामने चुनौती थी कि कैसे अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएंगे लेकिन, हमारी सरकार जिस रफ्तार से काम कर रही है, वह अभूतपूर्व है। वैश्विक अनिश्चितता के दौर में भारत ने आर्थिक वृद्धि दर और राजकोषीय घाटे को कम रखने का काम किया है, जो दुनिया के लिए एक आदर्श है।

## देश को विकसित बनाना सभी की जिम्मेदारी: गोयल

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा विज्ञान भवन में आयोजित सम्मेलन में मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि विकसित भारत बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। सब मिलकर यह लक्ष्य हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक क्षेत्र के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में प्राथमिकता के आधार पर काम कर रही है। निर्यात में हमारी हिस्सेदारी बढ़े, इसके लिए अभी तक चार मुक्त व्यापार समझौते भी किए गए हैं। 12 नए औद्योगिक पार्क बनाने जा रही है।

**हर विभाग-मंत्रालय मिलकर काम करेगा-जयंत चौधरी :** केंद्रीय कौशल विकास मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर विभाग और मंत्रालय मिलकर काम करने को तैयार है।

## वियतनाम के पीएम द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

**नई दिल्ली, वि.सं.।** भारत यात्रा पर आए वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच कई मुद्दों पर भी चर्चा होगी। दोनों देशों के बीच कुछ समझौते भी हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मिन्ह संग उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत यात्रा पर है। भारत और वियतनाम के रिश्ते बहुत पुराने हैं। इसकी पुष्टि इसी बात से होती है कि भारत ने 1975 में ही उसे मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दिया था।

# धर्मांतरण पर कड़े कानून संबंधी विधेयक पास

**उत्तर प्रदेश**

- यूपी में अब गुमराह कर शादी करने, धर्म परिवर्तन पर आजीवन कारावास
- उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) बिल पास

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उत्तर प्रदेश विधानसभा ने मंगलवार को लव जेहाद पर सख्त कानून संबंधी विधेयक पास कर दिया। उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को सदन में मंजूरी दे दी गई। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक- 2024 भी पास हो गया।

**अब उम्रकैद तक की सजा:** यूपी सरकार ने इससे पहले विधानसभा में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक-2021 पारित किया था। इस विधेयक में संशोधन कर सजा व जुर्माने की दृष्टि से इसे बहुत मजबूत किया गया है। इसमें पहले से परिभाषित अपराधों में सजा जहां दोगुनी तक बढ़ा गई है, वहीं नए अपराध भी शामिल किए गए हैं। नए प्रावधानों के तहत धोखे, कपट, बहला-फुसला कर धर्म परिवर्तन कराने व शादी करने पर अब 3 से 10 साल की जेल व 25 हजार रुपये जुर्माना होगा। पहले एक से पांच साल जेल व 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा था। नाबालिग, महिला (एससी-एसटी) संग अपराध पर अब पांच से 14 साल की जेल व एक लाख रुपये जुर्माना तथा अवैध ढंग से सामूहिक धर्म परिवर्तन कराने पर सात से 14 वर्ष की जेल तथा एक लाख के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

**पेपर लीक पर आजीवन कारावास और एक करोड़ रुपये का जुर्माना :** उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक-2024 के तहत अब परीक्षा में नकल व पेपर लीक कराने वाले गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई हो सकेगी। इनमें न्यूनतम दो साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान किया गया है। इसमें एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने को शामिल किया गया है। इसके अलावा निजी विश्वविद्यालय विधेयक भी पास हो गया।


## डीएलएफ लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः शॉपिंग मॉल, तीसरी मंजिल, अर्जुन मार्ग, डीएलएफ सिटी, फेस–I, गुरूग्राम – 122 002 (हरियाणा) भारत
फोनः +91-124-4334200
CIN : L70101HR1963PLC002484
वेबसाइटः www.dlf.in

DLF

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा ट्वेंटी फाइव डाउनटाउन रीएल्टी लिमिटेड (जिसे पहले जॉयस हाउसिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (**"कंपनी"**) और **मुंबई सिटी,** 400034 में प्लॉट बियरिंग/सीटीएस/सर्वे/फाइनल प्लॉट नंबरः सी.एस. नंबर 383 (पार्ट.), 1/383, 389, 390, 397 और 413 (पार्ट.) में स्थित इसकी परियोजना, **जिसका 25 डाउनटाउन विंग 1–एमरॉल्ड पाम और 25 डाउनटाउन विंग 2 पर्ल कोव** के तौर पर वाणिज्यिक विपणन किया जा रहा है, के साथ किसी भी प्रकार के लेनदेन व्यवहार के प्रति अधिसूचित किया जाता है।

वर्तमान में, कंपनी के नियंत्रण/मामलों के संबंध में विभिन्न कानूनी कार्यवाहियां चल रही हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं, परंतु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

(i) माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी रामसुब्रमण्यन के समक्ष, शेयर गिरवी समझौता दिनांक 15.12.2020 के अधीन, अन्य बातों के साथ–साथ, कंपनी के खिलाफ शेयर गिरवी समझौते के तहत पक्षों के बीच विवादों, कंपनी की शेयरधारिता के नियंत्रण और ऋण की कथित असाइनमेंट सहित, के निपटारे के संबंध में आर्बिट्रेशन।

(ii) माननीय न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदु मल्होत्रा के समक्ष, समझौता ज्ञापन और शेयरधारक समझौता, दोनों दिनांकित 15.04.2023 के संबध में आर्बिट्रेशन। डीएलएफ लिमिटेड ने, उक्त मध्यस्थता में दावेदार के रूप में अन्य बातों के साथ–साथ इसके द्वारा कंपनी को अग्रिम के रूप में दी गई राशि लौटाए जाने का दावा किया है।

(iii) डीएलएफ ने राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण, मुंबई पीठ के समक्ष एक आवेदन दायर किया है जिसमें दिवाला एवं दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया आरंभ करने की मांग की गई है, जिस पर 07.03.2024 को नोटिस जारी किया गया था।

यह सार्वजनिक सूचना आम जनता के हित में जारी की जा रही है और यह डीएलएफ लिमिटेड के सभी अधिकारों और विवादों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना है, जो कि सभी स्पष्ट रूप से सुरक्षित हैं।



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

कॉर्पोरेट संचार प्रभाग
पहली मंजिल, प्र.का.,सेक्टर–10 द्वारका, नई दिल्ली–75

**निविदा सूचना**

**संविदागत आधार पर वरिष्ठ हॉकी टीम हेतु कोच की नियुक्ति**

पंजाब नैशनल बैंक **संविदागत आधार पर सीनियर हॉकी टीम हेतु कोच की नियुक्ति** के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। आवश्यक विवरण के लिए, कृपया **"रिक्रूटमेंट"** लिंक के तहत हमारे बैंक की वेबसाइट **www.pnbindia.in** पर जाएं।

विधिवत पूर्ण भरा हुआ आवेदन हमें **16.08.2024 सांय 5:00 बजे तक** प्राप्त हो जाना चाहिए।

**सहायक महाप्रबंधक- सचिव खेल**



तमसो मा ज्योतिर्गमय
IME
Sahibabad (NCR)
Estd. 1995
IME Group of Colleges
Ghaziabad (India)
*A workshop of Education not a Showroom*




COURSES OFFERED
MBA MCA LLB
BBA BCA BA LLB
Radhika Scholarship upto 50%*
On All Courses on entry level Only
*T&C Apply
Mob: 9599706361 / 62 / 63 / 64 / 65
Email : ime@ime.in, admn@ime.in
www.imesahibabad.ac.in imesahibabadofficial
on Metro Route Dilshad Garden to Mohan Nagar
"पेड़ लगाओ, पानी बचाओं, जनसंख्या को जनबाढ़ न बनाओ।"



गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

### गेल (इंडिया) लिमिटेड के शेयरधारकों हेतु सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि व्यवसायों के लेन–देन करने के लिए पृथक रूप से परिचालित किए जा रहे ए.जी.एम. की सूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2023–24 के लिए गेल (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 40 वीं (चालीसवीं) वार्षिक आम सभा (ए.जी.एम.) **बुधवार, दिनांक 28 अगस्त, 2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वी.सी.)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओ.ए.वी.एम.) के माध्यम** से आयोजित की जाएगी। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एम.सी.ए.) और सेबी **(भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड)** के परिपत्रों द्वारा वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से एजीएम के आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। इन परिपत्रों और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रासंगिक प्रावधानों और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुपालन में कंपनी के सदस्यों की 40 वीं ए.जी.एम. वी.सी./ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

एम.सी.ए./सेबी के परिपत्रों के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट 2023–24 के साथ ए.जी.एम. की सूचना केवल उन्हीं सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा भेजी जा रही हैं जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं तथा उन सदस्यों को हार्ड कॉपी भी भेजी जाएगी जो विशेष रूप से इसके लिए अनुरोध करेंगे। सदस्यगण कृपया ध्यान दें कि ए.जी.एम. की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट 2023–24 कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com), स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात बी.एस.ई. लिमिटेड (www.bseindia.com), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com) और सी.डी.एस.एल. (रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी) की वेबसाइट (www.evotingindia.com) पर भी उपलब्ध होंगी। सदस्य केवल वी.सी./ओ.ए.वी.एम. सुविधा के माध्यम से ए.जी.एम. में उपस्थित और भाग ले सकते हैं। वी.सी./ ओ.ए.वी.एम. के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा। ए.जी.एम. में शामिल होने के निर्देश ए.जी.एम. के नोटिस में दिए जाएंगे।

कंपनी ए.जी.एम. नोटिस में यथा निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपना मतदान करने के लिए सभी सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। इसके अतिरिक्त कंपनी ए.जी.एम. (ई–वोटिंग) के दौरान ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है। ए.जी.एम. के नोटिस में रिमोट ई–वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया उपलब्ध कराई जाएगी ।

ऐसे सदस्य (सदस्यों) जिन्होंने कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, से अनुरोध है कि वे अपने ई–मेल पते को पंजीकृत करने के लिए कृपया नीचे दिए गए निर्देशों का पालन करें ताकि कंपनी द्वारा समय–समय पर भेजे गए वार्षिक रिपोर्ट, सूचना, परिपत्र, एन.ए.सी.एच. सूचना आदि इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी संचार प्राप्त किए जा सकें।

1) भौतिक रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य, कृपया आवश्यक विवरण जैसे– फोलियो नंबर, शेयर प्रमाण पत्र की स्कैन कॉपी (आगे और पीछे) के साथ शेयरधारक का नाम, पैन (स्वयं सत्यापित पैन कार्ड की स्कैन प्रति), (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन प्रति) ईमेल द्वारा **shareholders@gail.co.in /admin@mcsregistrars.com** पर उपलब्ध कराएं।
2) डीमैट मोड में शेयर रखने वाले सदस्य अपने ई–मेल आईडी उनके संबंधित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट से संपर्क कर पंजीकृत करवा सकते हैं अथवा वैकल्पिक रूप से कृपया डीमैट एकाउंट का विवरण (सी.डी.एस.एल.–16 डिजिट का बेनिफिशियरी आई.डी. अथवा एन.एस.डी.एल.–16 डिजिट का डी.पी.आई.डी. +सी.एल.आई.डी.), नाम, क्लाइंट मास्टर या समेकित लेखा विवरण की प्रति, पैन (स्वयं–संत्यापित स्कैन प्रति), आधार (स्वयं–संत्यापित स्कैन) **shareholders@gail.co.in/admin@mcsregistrars.com** पर उपलब्ध कराएं।

सेबी ने अपने विभिन्न परिपत्रों के माध्यम से के.वाई.सी. (पैन, नामांकन, संपर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और नमूना हस्ताक्षर) को अद्यतन करना अनिवार्य कर दिया है। यदि अभी तक ऐसा नहीं किया गया है, तो कृपया कंपनी/आर.टी.ए./ डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ के.वाई.सी. विवरण शीघ्र अपडेट करें। इसके अतिरिक्त, भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी होल्डिंग को डीमटेरियलाइज्ड मोड में परिवर्तित करवा लें।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 26.07.2024
ई–मेलः shareholders@gail.co.in
वेबसाईटः www.gailonline.com

**पंजीकृत कार्यालयः 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066**
**सीआईएनः L40200DL1984GOI018976 फोनः 011-26182955, फैक्सः 011-26185941**

www.gailonline.com #EnergizingPossibilties Follow us on



हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का




**22, 23, और 24 जुलाई के विजेताओं की सूची नीचे दी गयी है।**

**22nd July**

| Name | Email/Contact Number |
|---|---|
| Abhishek Chauhan | iabh****@gmail.com |
| Shyamli Tirkey | shyamlitir****@gmail.com |
| Kiran Kumari | kk113****@gmail.com |
| Saurabh Pandey | saurabhpandey4****@gmail.com |
| Abhishek Ruhela | abhishekruhe****@gmail.com |
| Smita Gupta | 790****216 |

**23rd July**

| Name | Email/Contact Number |
|---|---|
| Meenu Singhal | singhalmeenu****@gmail.com |
| Preeti Kumari | preetimishty****@gmail.com |
| Nisha Kumari | nishakumari1****@gmail.com |
| Ranju Kumari | ranju22****@gmail.com |
| Geeta Pintu | pintugeet****@gmail.com |
| Mukesh Rajput | m893691****@gmail.com |

**24th July**

| Name | Email/Contact Number |
|---|---|
| Subhash Chandra Kushwah | sckushw****@gmail.com |
| Nita Malik | 996****916 |
| Saurav | saurabhpatel3****@gmail.com |
| Sandeep Omar | sandeepo****@gmail.com |
| Pushpak Jha | pushpakj****@gmail.com |
| Kishlay Sinha | kishlaysin****@gmail.com |

www.LiveHindustan.com | Livehindustannews | Live_hindustan Terms & Conditions Apply.



गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

सुरक्षित ऊर्जा सशक्त भारत




**30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही हेतु गैर लेखापरीक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणाम का सारांश** (करोड़ ₹ में स्वतः स्पष्ट को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | एकल | | | समेकित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त वित्तीय वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त वित्तीय वर्ष |
| | | 30 जून 2024 | 30 जून 2023 | 31 मार्च 2024 | 30 जून 2024 | 30 जून 2023 | 31 मार्च 2024 |
| | | गैर लेखापरीक्षित | गैर लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर लेखापरीक्षित | गैर लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 33,691.63 | 32,227.47 | 1,30,638.11 | 34,821.89 | 32,848.78 | 1,33,499.54 |
| 2. | अवधि हेतु निवल लाभ /(हानि) कर, अपवादात्मक और / या असाधारण मद पूर्व) | 3,641.62 | 1,888.71 | 11,554.56 | 4,113.82 | 2,282.51 | 12,595.01 |
| 3. | अवधि हेतु कर पूर्व निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या असाधारण मद पश्चात) | 3,641.62 | 1,888.71 | 11,554.56 | 4,113.82 | 2,282.51 | 12,595.01 |
| 4. | अवधि हेतु कर पश्चात निवल लाभ / (हानि) (अपवादात्मक और / या असाधारण मद पश्चात) | 2,723.98 | 1,412.00 | 8,836.48 | 3,183.35 | 1,792.99 | 9,902.81 |
| 5. | अवधि हेतु कुल विस्तृत आय [(अवधि हेतु लाभ / (हानि) (कर पश्चात) एवं अन्य विस्तृत आय (कर पश्चात) सहित] | 3,005.54 | 1,798.10 | 12,142.03 | 3,428.76 | 1,978.33 | 13,041.73 |
| 6. | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/–रुपये प्रत्येक) | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 | 6,575.10 |
| 7. | रिज़र्व (पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व के अलावा) | - | - | 49,555.98 | - | - | 58,302.34 |
| 8. | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | - | - | - | | | |
| 9. | निवल मूल्य | 58,872.67 | 52,281.15 | 56,131.08 | | | |
| 10. | वकाया ऋण | 16,564.75 | 17,096.31 | 16,413.08 | | | |
| 11. | वकाया विमोच्य वरीयता शेयर | - | - | - | | | |
| 12. | ऋण इक्विटी अनुपात (गुना में) | 0.27 | 0.23 | 0.29 | | | |
| 13. | प्रति शेयर आय (रु. में) (अंकित मूल्य 10/–प्रत्येक (चालू एवं बंद प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | (क) मूल | 4.14 | 2.15 | 13.44 | 4.84 | 2.73 | 15.06 |
| | (ख) तनुकृत | 4.14 | 2.15 | 13.44 | 4.84 | 2.73 | 15.06 |
| | (तिमाही हेतु ईपीएस का वार्षिकीकरण नहीं किया गया) | | | | | | |
| 14. | पूंजी रिडेम्पशन रिज़र्व | 126.74 | 126.74 | 126.74 | | | |
| 15. | ऋण सेवा आवृत अनुपात (गुना में) | 3.69 | 2.57 | 3.31 | | | |
| 16. | व्याज सेवा अनुपात (गुना में) | 14.13 | 8.94 | 12.97 | | | |

**टिप्पणियाँ**

1. उपर्युक्त भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 33 एवं विनियम 52 के अधीन विस्तृत प्रारूप में स्टॉक एक्सचेंज में फाइल किए गए 30 जून 2024 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणामों का सारांश है। वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर उपलब्ध है।
2. उपर्युक्त परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 (इंड एएस) के अनुसार है, जिसे उसके अंतर्गत जारी किए गए प्रासंगिक नियमों और सामान्यतः भारत में स्वीकार किए गए अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पढ़ा जाए।
3. विनियम 52 (4) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में संदर्भित अन्य लाइन आइटम स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइट (www.nseindia.com, www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.gailonline.com) पर उपलब्ध है।
4. पिछली अवधि के आंकड़ों को, चालू अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप, जहाँ कहीं आवश्यक है, पुनः समूहीकृत किया गया है।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता/–
**(आर. के. जैन)**
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(डीआईएनः 08788595)

**स्थान :** नई दिल्ली
**दिनांक :** 30 जुलाई 2024
**(सीआईएनः L40200DL1984GOI018976)**